प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 08.06.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – पिछले 12 साल में देश ने देखे कई बदलाव, विकास का लाभ अंत्योदय तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है सरकार।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पीएमएलए कोर्ट से मिला झटका डिस्चार्ज पिटीशन को अदालत ने किया खारिज, जमीन घोटाले से जुड़ा कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामला।
- राज्य सभा चुनाव के लिए गठबंधन के दोनों उम्मीदवार बैद्यनाथ राम और प्रणव झा ने अपना नामांकन किया दाखिल, जीत का किया दावा।
- आकाशवाणी के गौरवशाली 90 वर्ष पूरे होने पर केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने दी बधाई, कहा–सशक्त हो रही एक भारत– श्रेष्ठ भारत की भावना।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गरीबों के कल्याण के लिए सरकार की 12 साल की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि भारत ने कई बदलाव देखे हैं और इन बदलावों के केंद्र में गरीब कल्याण और समाज के वंचित वर्ग रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार हमेशा अंत्योदय से प्रेरित रही है।प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीब कल्याण की यह यात्रा मानवीय सशक्तिकरण और विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक सामूहिक आंदोलन बन गई है

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमीन घोटाले और कथित मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में पीएमएलए कोर्ट से झटका लगा है. अदालत ने उनकी ओर से दाखिल डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया है।

****

झारखण्ड में राज्यसभा की दो सीटों के लिए आज नामांकन के आखिरी दिन गठबंधन के दोनों उम्मीदवार बैद्यनाथ राम और प्रणव झा ने अपना नामांकन दाखिल किया। इंडि गठबंधन ने प्रत्याशियों की जीत का दावा किया।

****

राज्यसभा चुनाव को लेकर बीजेपी सचेतक नवीन जायसवाल के आवास में आज भाजपा विधायकों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में उतरे परिमल नाथवानी भी शामिल हुए। इधर भाजपा भी एक सीट पर अपनी जीत को लेकर आश्वस्त नजर आ रही है। इधर भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि भाजपा समर्थित उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित है। उन्होंने दावा किया कि चुनावी गणित भाजपा के पक्ष में है और पार्टी समर्थित प्रत्याशी राज्यसभा पहुंचेंगे।

****

रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने को लेकर पुलिस अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें जिले में तैनात सभी पीसीआर और हाईवे पेट्रोलिंग टॉम के पुलिसकर्मी शामिल थे। ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह और ग्रामीण एसपी ने पुलिसकर्मियों को 24 घंटे अलर्ट में त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

****

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 9 जून को 10 वर्ष पूरे होने पर कल राज्यभर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कल सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में आयुष्मान आरोग्य शिविर लगेंगे, साथ ही जिला अस्पतालों, अनुमंडल अस्पतालों, सीएचसी और एफआरयू में विशेष पीएमएसएमए सत्र चलाकर गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच और परामर्श किया जाएगा।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

****

देश का विश्वसनीय लोक प्रसारक आकाशवाणी आज अपने 90 वर्ष पूरे होने का उत्सव मना रहा है। वर्ष 1936 को आज ही के दिन इंडियन स्टेट ब्रॉडकास्ट सर्विस का नाम बदलकर ऑल इंडिया रेडियो कर दिया गया था। वर्ष 1956 में ऑल इंडिया रेडियो का नाम बदलकर आकाशवाणी कर दिया गया। आकाशवाणी आज पांच सौ एकानबे रेडियो स्टेशनों का संचालन करता है। आकाशवाणी का प्रसारण 23 भाषाओं और 146 बोलियों में किया जाता है। आकाशवाणी का ध्येय वाक्य है– बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय।

****

संसदीय और अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आकाशवाणी के गौरवशाली 90 वर्ष पूरे होने पर बधाई दी है। श्री रिजिजू ने वीडियो संदेश में कहा कि आज पूरा राष्ट्र आकाशवाणी से जुड़ा है। आकाशवाणी के माध्यम से एक भारत– श्रेष्ठ भारत की भावना सशक्त हो रही है।

****

कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच आज सुबह के सत्र में घरेलू शेयर बाजार लगभग शून्य दशमलव सात प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहा था। नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, सेंसेक्स 508 अंक गिरकर 73 हजार 735 पर और निफ्टी 159 अंक गिरकर 23 हजार 207 पर आ गया।

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 41 हजार 700 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 55 हजार रूपये प्रति किलो है।

****

गिरिडीह जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के तुरुकडीहा गांव में एक पिता ने अपनी तीन बेटियों की धारदार हथियार से हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एसडीपीओ जीतबाहन उरांव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

****

गिरिडीह जिले में योग के नियमित आयोजन से लोग निरोग हो रहे हैं। पतंजलि परिवार की ओर से सालों भर योग का नियमित शिविर लगाकर लोगों को निरोग किया जा रहा है। योग करने वालों ने स्वास्थ्य रक्षा की दिशा में योग के फायदे बताएं।

****

सीबीएसई और एनसीईआरटी की पहल पर राष्ट्रीय योग ओलंपियाड का आयोजन 15 से 18 जून 2026 तक ऑनलाइन किया जाएगा, जिसके लिए पंजीयन 10 जून तक होगा।

****